एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

बरेली | बुधवार, 8 अप्रैल 2026, वर्ष

PAGE NO, IV, BOTTOM

एमडीसीए ने 208 रनों से दिल्ली की टीम को हराया

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट
- आईनेक्स्ट जनरेशन ने जीका इलाहाबाद को 101 रन से हराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के आठवें और नौवें मुकाबले में रनों की बारिश हुई। आठवें मुकाबले में आईनेक्स्ट जनरेशन ने 227 रन बनाए और जीका इलाहाबाद को 101 रन से हरा दिया। नौवें मुकाबले में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने 303 रन बना कर मनीष शर्मा स्पोर्ट्स फेडरेशन दिल्ली पर 208 रनों के अंतर से जीत दर्ज की।

श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को दूधिया रोशनी में मैच खेले गए। आईनेक्स्ट जनरेशन ने पहले खेलते हुए आठ विकेट पर 227 रन बनाए। आर्यन जुआल 35 रन, आर्यन चौधरी 41 रन, अक्षु बाजवा 25 रन, प्रियांशु 37 रन, शिवम शर्मा ने 53 रन बनाए। जीका इलाहाबाद की टीम 18.4 ओवर में 126 रन ही बना सकी। नौवां मैच मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने पहले खेलते हुए 3 विकेट पर 303 रन का बनाए। हर्ष त्यागी 119 रन, प्रियम गर्ग 51 रन, रितुराज 93 रन का योगदान दिया। 303 रन का पीछा करने उतरी एमएसएसएफ की टीम 14.1 ओवर में 94 रन बना सकी। इसमें सबसे ज्यादा 17 रन एक्स्ट्रा के रूप बने। आयोजन समिति के सचिव डा.नितिन सक्सेना और अन्य सदस्य मौजूद रहे।